सरकूलर नं0 APMA/DMTA/BTWA/02 दिनांक : 31–01–2018

''सीलिंग के विरोध में
2, 3 व 4 फरवरी को सम्पूर्ण व्यापार बन्द''

जैसा कि आपको मालूम ही है कि मॉनिटरिंग कमेटी के आदेशानुसार दिल्ली में सीलिंग की जा रही ह, सीलिंग से राहत देते समय दिल्ली सरकार एवं केन्द्र सरकार ने हाथ खड़े करके यह कह रही है कि यह न्यायालय का आदेश है, हम कुछ नहीं कर सकते।

परन्तु लाखों व्यापारियों, उनके परिवारों, उन पर आश्रित लाखों कर्मचारियों और उनके परिवारों के ऊपर जो सीलिंग की फासी लगायी जा रही है, उसको नहीं रोका जा सकता है। कैसी विडम्बना है ? कि जो व्यापारी करोड़ों रूपये टैक्स के रूप में देश के विकास के लिए सरकार को देते है और बेवकूफ बनते हैं।

बन्धुओं, यह सब इसलिए क्योंकि व्यापारी शान्ति प्रिय है, एक नहीं हो सकते, दुकान स उठ नहीं सकते हैं, इसलिए इनमें आसानी से फूट डाली जा सकती है, इसलिए व्यापारी वर्ग की कोई हैसोयत नहीं समझते, अगर सरकार चाहे, तो सौ रास्ते निकाल सकती है, सौ फैसले बदल सकती है और भूतकाल में बदले भी हैं। इसलिए अब व्यापारियों न तय कर लिया है कि बहुत धूम लिए, इन नेताओं के पीछे। अब लड़ाई स्वयं अपने बलबूते पर लड़ेंगे। ''कंफैडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स'' ने 2 व 3 फरवरी को बन्द करने का निर्णय लिया है एवं ''चैम्बर ऑफ ट्रेड एंड इण्डस्ट्रीज'' ने 2, 3 एवं 4 फरवरी को बन्द करने का निर्णय लिया है। मोटर पार्ट्स की व्यापारियों की शीर्ष संस्था ''अपमा'' ने आगामी **2 फरवरी से 4 फरवरी 2018 तक दिल्ली का सम्पूर्ण व्यापार बन्द करने का निर्णय लिया है** और तब भी कोई फैसला नहीं हुआ तो अनिश्चित काल के लिए बन्द का आह्वान् किया जायेगा। अब व्यापारी किसी भी श्रेणी में विभाजित नहीं होगा। अगर एक भी सील लगी तो व्यापारी सड़कों पर उतरेगा। अब हमें अपनी लड़ाई स्वयं लड़नी पड़ेगी और सरकार को अपनी ताकत बतानी पड़ेगी। यह सिर्फ व्यापारी एकता से ही सम्भव हो सकता ह। करो या मरो की आखिरी लड़ाई है।

हम एक बार पुनः आप सभी कश्मीरी गेट व मोरी गेट के मोटर पार्ट्स के व्यापारी भाईयों से अनुरोध करते है कि **2 फरवरी से 4 फरवरी 2018 तक अपने–अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बन्द रखकर व्यापारी एकता का परिचय दें।**

निवेदक :–

(विष्णु भार्गव)	(जसपाल सिंह मनचंदा)	(केशव काबरा)
महासचिव	महासचिव	महासचिव
A.P.M.A.	**D.M.T.A.**	**B.T.W.A.**